# सीएम के दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को किया निर्देशित

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 अप्रेल को सीकर आगमन पर स्वागत की तैयारियां तेज हो गई है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां व जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ गुरूवार को विभिन्न स्वागत स्थलों का दौरा किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वागत स्थलों पर समुचित व्यवस्थाएं रखने, स्वागत स्थल, पीने का पानी, छाया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के साथ सभी पदाधिकारियों ने सीकर जिले की सीमा सरगोठ से लेकर सीकर सर्किट हाउस तक के स्थानों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के स्वागत स्थल सरगोठ, रींगस, पलसाना, बाजौर आदि जगहों पर व्यवस्थाओं को देखा।



यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने अधिकारियों को रास्ते में किसी भी प्रकार की खामी नहीं रहे इसके सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री के स्वागत कार्यक्रम के लिए जिला संयोजक पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने प्रशासनिक अधिकारियों को पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत स्थलों पर की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने स्वागत स्थलों पर पांडाल की व्यवस्था के बारे में कहा। इस दौरान गजानंद कुमावत, स्वदेश शर्मा, तेजप्रकाश सैनी आदि साथ थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जिले में स्वागत कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने जिला व विधानसभा संयोजक नियुक्त किए हैं। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जिला संयोजक पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को बनाया गया है। वहीं श्रीमाधोपुर विधानसभा के लिए तेजप्रकाश सैनी, खंडेला में विष्णु चेतानी, दांतारामगढ़ में गोविंदराम बिजारणियां, नीमकाथाना में राजकुमार जोशी, सीकर में राजेश रोलन, धोद में सरोज कड़वासरा, लक्ष्मणगढ़ में रामसिंह पिपराली व फतेहपुर विधानसभा का प्रभारी महेंद्र जोशी को बनाया गया है।

## मुख्यमंत्री के रींगस दौरे को लेकर देखी व्यवस्थाएं



**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रींगस और सीकर दौरा इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक होगा, पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रींगस आ रहे हैं जहां नेशनल हाईवे पर स्थित भोपतपुरा के स्कूल मैदान पर हो रही एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। खंडेला विधायक सुभाष मील और श्रीमाधोपुर विधायक व यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस दौरे को एतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी है, रींगस बोर्डर सरगोठ से लेकर सीकर तक अनेक स्थानों पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा ।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर गुरुवार सुबह यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, विधायक सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया वहीं दोपहर बाद जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा और पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता, तहसीलदार विवेक कटारिया, थानाधिकारी सुरेश कुमार व तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि भोपतपुरा में 19 अप्रैल को 11.45 पर मुख्यमंत्री के आने का कार्यक्रम है यहां मुख्यमंत्री शर्मा करीब एक घंटा रुकेंगे जहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद पलसाना में मुख्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा जहां से सिधे सीकर जाएंगे। भोपतपुरा में विधायक खंडेला सुभाष मील की ओर से स्वागत सम्मान कार्यक्रम भी रखा गया है।

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियेगिता के लिए केशवानन्द की छवि का चयन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर की छात्रा छवि चौधरी का चयन 68वीं विद्यालयी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता अंडर 19 बालिका वर्ग में राजस्थान टीम में सीकर जिले से एकमात्र खिलाडी केशवानन्द की छवि चौधरी का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता छत्रसाल स्टेडियम नई दिल्ली में दिनांक 30 अप्रैल से 05 मई तक आयोजित होनी है। अंडर 19 बालक व बालिका दोनो वर्गो में सीकर से एकमात्र खिलाडी छवि चौधरी ने अपने अथक मेहनत व संस्थान के अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बॉक्सिंग रिंग पर प्रशिक्षित कोचों के निर्देशन में चयनित होकर संस्थान का गौरव बढाया है।



इससे पूर्व भी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियेगिता में भी सीकर जिले से केशवानन्द के ही तीन खिलाडी जिनमें दो छात्र सुनील जाट, अंकित व एक छात्रा रूचिका जांगिड चयनित हुये है। बॉक्सर छवि चौधरी की इस उपलब्धि पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी सहित प्रबंधन सदस्यों ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अतिक्रमण के विरूद्ध उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मॉर्निंग न्यूज @ लक्ष्मणगढ़।** गढ़वाले भैरूजी के मन्दिर के रास्ते पर ईंट व बजरी डालकर रास्ते को अवरुद्ध कर किया गया। जिसके चलते मन्दिर के पुजारी परिवार के साथ दर्शनार्थियों के द्वारा धार्मिक भावनाओं के आहत होने से अतिक्रमण को रोकने के लिए उपखण्ड अधिकारी व अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही व उन्हे पाबंद करने की मांग की । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल गुर्जर, सचिव नेमीचंद गुर्जर, देवसेना तहसील अध्यक्ष अजय गुर्जर, एडवोकेट हरलाल धाभाई, सुमेर सिंह, अमिकेश, सुवालाल, सुरेंद्र,योगेश, हरीश, दिलीप, विशाल, हरिओम शर्मा, छोटू सिंह, राधेश्याम गुर्जर व अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटीलार्वल एवं एंटीएडल्ट कार्रवाई शुरू



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम में चिकित्सा विभाग जुटा हुआ है। विभाग की ओर से डोर टू डोर सर्वे एवं एंटीलार्वल एक्टीविटी की जा रही हैं। गुरूवार को चिकित्सा कर्मियों ने घर घर जाकर आमजन से साफ सफाई रखने की अपील की। इस दौरान चिकित्सा कर्मियों ने घर घर जाकर पानी टंकियां, कूलर आदि की जांच और पानी की स्त्रोतों में पानी को नियमित रूप से बदलने के लिए आमजन को प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग की ओर से विशेष प्रचार जा रहे हैं। इसके तहत आशा, एएनएम, सीएचओ व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर एंटीलार्वल एवं एंटी एडल्ट एक्टिविटी की जा रही हैं। नालियों व जल भराव वाले स्थानों में मिटटी का तेल, जला हुआ तेल एवं एमएलओ डल जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घरों में जाकर वहां हौदी, टंकियों की जांच की जा रही है और उन्हें नियमित रूप से साफ करने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही लोगों को पूरी बाजू के कपड़े पहनने, मच्छरों को नष्ट करने के लिए दवा का छिड़काव करने, रात को मच्छरदानी का उपयोग करने, अधिक मात्रा में पानी पीने तथा बचाव के लिए रखी जानी वाली सावधानियों के बारे में लोगों को बताया जा रहा है।

# कुचामन में कांग्रेसियों ने वार्ड परिसीमन का किया विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** नगर परिषद में वार्डों के परिसीमन को लेकर कांग्रेस नेताओं ने विरोध दर्ज किया है। उनका कहना है कि परिसीमन की प्रक्रिया मनमाने ढंग से की गई है। इसमें नियमों तथा अधिनियमों की अवहेलना हुई है। नेताओं ने इस प्रक्रिया को अवैध और जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं भंवर अली खान ब्लॉक अध्यक्ष , उदय सिंह खारिया ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण , आसिफ खान सभापति , हेमराज चावला उपसभापति और सुतेन्द्र सारस्वत नगर अध्यक्ष ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस परिसीमन को लेकर सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं बल्कि भाजपा नेताओं ने भी विरोध जताया है। नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष अनिल सिंह मेड़तिया ने इस परिसीमन को एकतरफा बताते हुए कहा कि इससे भाजपा समर्थकों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि कलेक्टर और उपखंड अधिकारी को निर्देशित किया जाए कि परिसीमन की प्रक्रिया नगर



परिषद आयुक्त और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से ही करवाई जाए। नगर कांग्रेस कमेटी कुचामन सिटी ने ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान सरकार के निर्देशों के अनुसार आगामी निकाय चुनावों से पहले वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर वार्डों का पुनर्सीमांकन किया जा रहा है जबकि इसी जनगणना के आधार पर 2015 और 2019 में दो बार वार्डों का पुनर्गठन हो चुका है और दोनों बार चुनाव भी हो चुके हैं। ऐसे में फिर से पुराने आंकड़ों के आधार पर सीमांकन करना राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 6 और 7 का उल्लंघन है। नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सीमांकन नगर नियोजक और विशेषज्ञों की सहायता से होना चाहिए था लेकिन यहां बिना तकनीकी जानकारी के नायब तहसीलदार के माध्यम से यह कार्य जल्दबाजी में किया गया जिसमें कई खामियाँ और विसंगतियाँ पाई गई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि परिसीमन प्रस्ताव में गलियों मोहल्लों और सड़कों का कोई स्पष्ट विवरण नहीं है केवल जनसंख्या ब्लॉकों की संख्या दर्शाई गई है जिससे आमजन भ्रमित हो रहा है। इसके अलावा सीमांकन से जुड़े नक्शों का सार्वजनिक प्रकाशन भी नहीं किया गया जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। कई वार्डों का क्षेत्रफल भी असमान है कुछ वार्ड 0.25 किमी तक सीमित हैं जबकि कुछ 3 से 5 किमी तक फैले हुए हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस त्रुटिपूर्ण परिसीमन को जल्द निरस्त कर नई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो वे न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने मांग की कि सीमांकन पारदर्शी हो जनसंख्या का संतुलन रखा जाए भौगोलिक स्थिति और स्थानीय जनभावनाओं का भी ध्यान रखा जाए। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## भारतीय स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक कर बताया शिक्षा का महत्व

**मॉर्निंग न्यूज @ लक्ष्मणगढ़।** एनएच 52 लक्ष्मणगढ़ स्थित भारतीय शिक्षण संस्थान सीबीएसई जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने समाज में शिक्षा के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से एक शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक का आयोजन लक्ष्मणगढ़ के मुख्य बस स्टेण्ड पर किया गया।



आओ पढ़ें-देश बदलें थीम पर आधारित इस नाटक के आयोजन के माध्यम से जनसामान्य को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। ताकि देश का हर युवा अपने भविष्य निर्माण में आत्मचिंतन कर सही मार्ग का चयन कर सके। दर्शकों की भीड़ ने प्रस्तुत नाटक की बहुत ही प्रशंसा की एवं बताया कि समाज में जागरूकता फैलाने के लिए शिक्षा ही एक ऐसा विकल्प है जो उन्नति लाने मे सहायक होता है।

संस्था निदेशक रामस्वरूप महला व सचिव कविता महला ने बताया कि इस नुक्कड़ के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा की ज्योत जलाना है ताकि निरक्षरता रूपी अंधकार को जीवन से मिटाया जा सके।

## राष्ट्रीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम विजेता




**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** पांडिचेरी में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की बालक वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। टूर्नामेंट में राजस्थान प्रदेश की टीम ने अपने बेहतरीन खेल से सभी को चौंका दिया। प्रदेश की टीम ने अपने ग्रुप मुकाबलों में भारी उलटफेर करते हुए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसी मजबूत टीमों को हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में पंजाब को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम ने दिल्ली को एकतरफा 104/74 के बड़े अंतर से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत ने दर्शकों में टीम के लिए रोमांच और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी थीं।

फाइनल मुकाबला तमिलनाडु से हुआ, जहां दोनों टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। हालांकि, प्रदेश की टीम को कांटे की टक्कर में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एडीबीए प्रवक्ता डीडवाना के अबरार अली बेरी ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन और जुनून के साथ खेला। सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने बधाई देते हुए कहा, हमने अच्छा खेला, बस तमिलनाडु हमसे बेहतर खेल गया लेकिन पूरे टूर्नामेंट में राजस्थान की टीम ने दिल जीता। उन्होंने कहा कि राजस्थान की टीम ने भले ही स्वर्ण न जीता हो, लेकिन उनके जुनून, मेहनत और जज्बे ने हर किसी का दिल जरूर जीत लिया।

एडीबीए अध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ डीडवाना ने कहा, हमारी टीम ने हर मुकाबला बड़े अंकों से जीता, खिलाड़ियों का प्रदर्शन दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहा। उन्होंने टीम के प्रशिक्षक राकेश विश्नोई को भी बधाई प्रेषित की और पूरी टीम को आशीर्वाद दिया।

गौरतलब है कि प्रदेश की टीम लगातार दो बार स्वर्ण पदक जीत चुकी थी। अगर इस बार भी स्वर्ण पदक जीत लेती तो यह ऐतिहासिक स्वर्ण हैट्रिक होती।

# मारपीट मामले में गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** शहर में मंगलवार को हुई एक गंभीर घटना को लेकर सर्व समाज ने संयुक्त रूप से उपखंड अधिकारी स्ठरूसुनील कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 15 अप्रैल 2025 की रात हुई घटना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें नाबालिग बच्चों पर एक विशेष समुदाय के असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि यह हमला छिपा मोहल्ले में हुआ जहाँ हमलावरों ने गाली-गलौच करते हुए गंभीर मारपीट की, जबरन धर्म विशेष के नारे लगवाए और रात का फायदा उठाकर लूट व डकैती जैसी घटनाओं को भी अंजाम दिया। पीड़ित बच्चों के कपड़े उतारकर उनके साथ अमर्यादित हरकतें की गईं। जब परिजन उन्हें छुड़ाने पहुँचे तो उनके साथ भी मारपीट व अभद्रता की गई। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि छिपा मोहल्ले में रहने वाले परिवारों, खासकर बहन-बेटियों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। आये दिन उन्हें धमकियां दी जाती हैं और मकान खाली करने के लिए डराया जा रहा है। शहर की गलियों में दिन-रात घूमते हुए यह असामाजिक तत्व भय और आतंक का माहौल बना रहे हैं।

इस पूरे प्रकरण में पीड़ित पक्ष ने कुचामन सिटी थाने में मामला दर्ज करवाया है। इसके बावजूद आरोप है कि हमले में शामिल कई आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है और उन्हें बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पीड़ित परिवारों को निरंतर धमकाया जा रहा है जिससे वे मानसिक रूप से भी परेशान हैं। सर्व समाज ने SDM सुनील कुमार से यह मांग की है कि आरोपियों को किसी भी सूरत में जमानत न दी जाए क्योंकि इससे उनके हौसले और बुलंद होंगे और शहर का सांप्रदायिक सौहार्द्र और भी अधिक खतरे में पड़ सकता है। ज्ञापन के अंत में चेतावनी दी गई है कि यदि आरोपियों को बिना ठोस कारण के जमानत दी जाती है तो इसके लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

## परसीमन के विरोध में उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** मूनपुरा, देवगढ़ और नानूपुरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए अपने गांवों को पुन: पांचवा ग्राम पंचायत में शामिल किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में पंचायत पुनर्गठन के दौरान उनके गांवों को शेषमा बास पंचायत में जोड़ दिया गया है जो कि भौगोलिक और सामाजिक दृष्टि से असुविधाजनक है। उन्होंने बताया कि शेषमा बास उनके गांवों से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित है। वहां तक सीधा आवागमन भी नहीं है जिससे ग्रामीणों को दैनिक कार्यों और प्रशासनिक कामों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मूनपुरा, देवगढ़ और नानूपुरा को शेषमा बास पंचायत से हटाकर पूर्ववत पांचवा ग्राम पंचायत में सम्मिलित किया जाए ताकि स्थानीय निवासियों को सुगम प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।